*सादर प्रकाशनार्थ*

राजयोगी ओमप्रकाश भाईजी को श्रद्धासुमन अर्पित

कोरबाः17/12/2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मीडिया विंग के राष्ट्रोय अध्यक्ष आदरणीय राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाई जी के द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आदरणीय लखनलाल देवागंन संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि राजयोगी ओमप्रकाश भाई जी के इस कार्यकम में आकर यहां के वातावरण में बड़ी ही शांति की अनुभूति हो रही है। भाई जी ने सभी को एक अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। एक धार्मिक संस्थान के माध्यम से अनेक जन जागरण का कार्य लगातार चलते आ रहे हैं। आपने कहा कि महात्मा गांधी जी का एक सपना था कि हमारा देश स्वच्छ रहे, स्वस्थ रहे। स्वच्छता जन जागरण से ही सम्भव है, जोकि इस अभियान के द्वारा किया जा रहा है। इसमें हमं अपनी सोच को बदलना होगा। हमारे घर साफ होने के साथ साथ, हमें गली और चौराहे की स्वच्छता पर भी ध्यान रखना है। बहन पीली बाई सिदार पार्षद वार्ड क. 49 ने कहा कि इस अभियान से जुड़कर बहुत खुशी हो रही है। मैं स्वच्छता तथा ऊर्जा संरक्षण का यह संदेश अपने वार्ड वासियों को दूंगी। बहन श्यामा रामायण दास महंत पार्षद वार्ड कं 51 ने कहा कि यहां के आध्यत्मिक वातावरण में आकर मैं ईश्वर को धन्यवाद देती हूॅ कि यहां आने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ। मैं भी इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करूगीं। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने कहा कि ओमप्रकाश भाई जी ने जो मानवता का वृक्ष सींचा और संवारा, वह आज फलीभूत होकर हराभरा और फलदायी हो गया है। जिसका लाभ हम सभी को मिल रहा है। बह्माकुमारी बिन्दु बहन तथा ब्रह्माकुमारी भारती बहन ने ओमप्रकाश भाई जी से मिली पालना आर प्रेरणाओं से सभी को लाभान्वित किया। भ्राता बी.पी.अग्रवाल वरिष्ठ प्रबंधक एन.टी.पी.सी कोरबा ने धन्यवाद ज्ञापन तथा ब्रह्माकुमारी राजश्री ने मन की शांति के लिये राजयोग का अभ्यास कराया। अभियान के द्वारा दर्री बस स्टाप, मस्जिद द्वार , मंदिर परिसर तथा जमनीपाली बस स्टाप के आसपास की सफाई की गई। भ्राता स्माईल कुरेशी पार्षद वार्ड क. 53, मनीष अग्रवाल अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच, विनय कुमार अध्यक्ष पूर्वांचल विकास समिति ने भी सफाई

अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। रैली के द्वारा जन जन को ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी।